न्यूज लेटर

मासिक अंक - अप्रैल 2025

# स्वच्छ नगर समाचार

(स्वच्छता की ओर बढ़ते कदम)

## विश्व पृथ्वी दिवस एवं सफाई मित्रों हेतु सेफ्टी फर्स्ट अभियान











स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान सरकार

# विश्व पृथ्वी दिवस

22 अप्रैल 2025 विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में स्वायत्त शासन विभाग परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमे निदेशक एवं विशिष्ट सचिव श्री इंदरजीत सिंह, निदेशक स्वच्छ भारत मिशन शहरी श्रीमती श्वेता चौहान एवं निदेशालय के अन्य अधिकारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं पर्यावरण संरक्षण के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन इन्दिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्था, जयपुर में किया गया। कार्यशाला में निदेशक स्वच्छ भारत मिशन शहरी श्रीमती श्वेता चौहान द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ भारत मिशन शहरी हेतु जनजागरण, कचरा पृथक्करण एवं प्रबंधन, विशेषतः होम कम्पोस्टिंग, सिंगल यूज्ड प्लास्टिक उत्पादो के बहिष्कार जैसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में थैला वितरण, साइन कैंपेन एवं स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वायत्त शासन निदेशालय के सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।













# विश्व पृथ्वी दिवस की झलकियां





विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में नगरीय निकाय जोधपुर उत्तर एवं सांचौर में अधिकारिगणों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।



स्वच्छ भारत मिशन निदेशक महोदया के आदेश अनुशार नगर पालिका राजगढ़ अलवर में 22.04.25 को स्वच्छ भारत मिशन शहरी के अंतर्गत विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राजकीय स्नातक महाविद्यालय राजगढ़ अलवर में विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता शपथ प्रोग्राम एवं वृक्षारोपण का कार्य करवाया गया।



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगर पालिका सुल्तानपुर द्वारा महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल में एक सुंदर एवं प्रेरणादायक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का थीम थी – "Our Power Our Planet"।



इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता को रंगों के माध्यम से जीवंत कर दिया।






विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर नगरीय निकाय भीनमाल एवं लाखेरी में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवायी गयी।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की झलकियां





माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सीवर एवं सेप्टीक टैंक सफाई कर्मियों को PPE KIT का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्री प्रेमचंद बैरवा उप मुख्यमंत्री, श्री जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक, श्री जोगाराम पटेल संसदीय कार्य मंत्री, श्री मदन राठौड, राज्यसभा सांसद राजस्थान, श्रीमती मंजू शर्मा सांसद जयपुर शहर,श्री अविनाश गहलोत मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, श्री कुलदीप रांका अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय और अधिकारिता, श्री राजेश यादव प्रमुख शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

## सेफ्टी फर्स्ट ड्राइव



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में दिनाक 14-25 अप्रैल तक "सफाई मित्रों के सम्मान" में कार्यक्रम" आयोजित किए गए। सफाईमित्रो की सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु अभियान की थीम "Safety First" दी गई है। सेफ्टी फर्स्ट अभियान के अंतर्गत सफाई मित्रो को सम्मानित किया गया एवं PPE किट का वितरण किया गया। अभियान अवधि में सफाई मित्रो की स्वास्थ्य जाँच एवं कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी गई।



नगर पालिका खेरली अलवर में सफाई मित्रों हेतु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।





सफाई मित्र हेतु पीपीई किट वितरण कार्यक्रम, सुरजगढ़



सफाई मित्र सम्मान कार्यक्रम, कोटा




सफाई मित्र प्रशिक्षण शिविर - इटावा

## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस (16 अप्रैल 2024)

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर चित्तौड़गढ़ किले में पुलिस कर्मियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वच्छता को बढ़ावा देने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। राजस्थान पुलिस का यह कार्य प्रेरणादायक है।





## विश्व विरासत दिवस (18 अप्रैल 2024)



विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में नगर परिषद् चूरू, इन्टेक शेखावाटी चेप्टर, श्रुति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में हैरिटेज पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 05 विद्यालय व 01 महाविद्यालय के 72 विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया। सम्मान समारोह में जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीयों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। हैरिटेज पेन्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन युवा पीढी को सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत से जोड़ने तथा इनके सरंक्षण के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया।

विश्व विरासत दिवस के उपलक्ष्य में चित्तौड़गढ़ नगर परिषद द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह के सहयोग से पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु कपड़े के थैलो का वितरण किया गया । इस पहल का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल उत्पादों का उपयोग बढ़ाना है। इसके तहत नागरिकों को एवं पर्यटक स्थल पर भी कपड़े के थैले वितरित किए गए।



# स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत, बीकानेर नगर निगम सौर ऊर्जा द्वारा संचालित



बीकानेर का वल्लभ गार्डन एसटीपी – सौर ऊर्जा आधारित आत्मनिर्भरता की मिसालस्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत बीकानेर नगर निगम द्वारा संचालित वल्लभ गार्डन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) एक ऐसा अत्याधुनिक मॉडल बन चुका है जो पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर आधारित, पर्यावरण के अनुकूल और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है।

## प्रमुख विशेषताएं:

SBR तकनीक आधारित एसटीपी, जो शहर के सीवेज जल का कुशलतापूर्वक उपचार करता है।1 मेगावाट सौर संयंत्र से पूर्ण संचालन, जिससे इस प्लांट का संपूर्ण संचालन सौर ऊर्जा से होता है।वर्तमान में 2 मेगावाट का अतिरिक्त सोलर प्लांट निर्माणाधीन है, जिससे भविष्य में अन्य प्रोसेसिंग यूनिट्स को भी इसी सौर ऊर्जा से जोड़ा जा सकेगा।

निगम के तीन प्रमुख एसटीपी एसबीआर तकनीक का उपयोग करके शहर के अपशिष्ट जल को कुशलतापूर्वक उपचारित कर रहे हैं। बीकानेर के वल्लभ गार्डन में स्थित एसटीपी प्लांट जिसकी क्षमता 40 एम एल डी है। प्लांट का जिसका उपचारित जल सचिन प्रतिदिन 8 MLD वाटर सप्लाई किया जाता वह जल किसानो को सिचाई हेतु दिया जाता है जिससे लगभग 30 लाख रुपए की वार्षिक आय होती है। निगम के अन्य एसटीपी प्लांट सराय मथानिया -12 एम एल डी एवं काली माता मंदिर सुजानदेसर मैं 20 एम एल डी एसटीपी प्लांट स्थित है। उपचारित जल का उपयोग लगभग 100 एकड़ भूमि पर खेती के लिए एवं नर्सरी और गोशालाओं में उपयोग किया जा रहा है।



शहर में 20,000 से अधिक पेड़ लगाकर शहर की ग्रीन बेल्ट को डेवलप किया जा रहा है। निगम के सीएंडडी अपशिष्ट संयंत्र को संचालित करने हेतु प्रतिदिन 12 किलोलीटर उपचारित जल का उपयोग हो रहा है जिससे निगम को लगभग ₹103680/वार्षिक धनराशि की बचत हो रही है !बीकानेर का एक ऐसा सतत मॉडल बन चुका है जो ऊर्जा स्वतंत्रता, जल पुनः उपयोग, हरित क्षेत्र वृद्धि और स्थायी राजस्व का समन्वय करता है। यह न केवल पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करता है, बल्कि बीकानेर नगर निगम की आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ करता है – जिससे यह अन्य नगर निकायों के लिए प्रेरणास्पद उदाहरण है।





## निकायों द्वारा किए जा रहे नवाचार

नगर पालिका, बिजयनगर ने स्वच्छता और रिसाइक्लिंग-रियूज़ को बढ़ावा देने के लिए "स्वच्छता एक्सप्रेस" ट्रेन मॉडल बनाया गया। इस अनोखी पहल का उद्देश्य स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति संदेश प्रदान करना है। उक्त ट्रेन अनुपयोगी कबाड़ सामग्रियों का उपयोग करके तैयार की गई है। नागरिको के द्वारा इस कृति को सराहा जा रहा है।







नगर परिषद पुष्कर क्षेत्र की संकरी गलियों में जहाँ ऑटो-टिपर नहीं जा सकते, नगर परिषद द्वारा मोटरबाइक रिक्शा शुरू किए गये हैं। इन रिक्शा में गीले और सूखे कचरे के लिए दो अलग-अलग बक्से लगाए गए हैं ताकि संकरी गलियों से भी कचरा संग्रहण किया जा सके। इस पहल से 100% घर-घर कचरा संग्रहण संभव हो सकेगा।





नगरपालिका झालरापाटन ने नागरिकों के लिए एक नई पहल शुरू की है, जिसमें निर्माल्य वाहन घर-घर जाकर पूजन सामग्री का संग्रहण कर रहा है। इसका उद्देश्य है कि पूजा के दौरान बची हुई सामग्री जल स्रोतों में ना जाएं, जिससे जल प्रदूषण कम हो सके। यह वाहन हर रविवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक घरों, मंदिरों और प्रतिष्ठानों से सामग्री एकत्रित करता है। एकत्रित पूजन सामग्री को अलग-अलग कर, उससे प्राकृतिक खाद का निर्माण किया जा रहा है। इस नवाचार से न केवल जल संरक्षण में मदद मिल रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो रहा है।

# स्वच्छता के जन आंदोलनों में ब्रांड अम्बेसडर का योगदान



नगर पालिका मंडल बोरावड़ में श्रीमती रंजना सोनी, स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एम्बेसडर द्वारा 2 वर्षों से निरंतर स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी सक्रिय भागीदारी देने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। श्रीमती रंजना सोनी द्वारा जनसभाओ एवं वार्ड बैठकों के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण कर घर पर होम कम्पोस्टिंग करने हेतु महिलाओं को शिक्षित किया गया। श्रीमती रंजना सोनी द्वारा स्कूलो में सेनेटरी पैड वेस्ट, निस्तारण कचरा पृथक्करण घर की पुनः अनुपयोगी सामग्री से वस्तुएँ बनाना, सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का बहिष्कार के सम्बंध में समय पर विद्यार्थियों हेतु कार्यशालाओ का आयोजन किया जाता है। निकाय एवं स्वायत्त शासन निदेशालय के द्वारा श्रीमती रंजना सोनी के योगदान को आवास और शहरी कार्य मंत्रालय (MoHUA), भारत सरकार के सोशल मीडिया पेज पर पोस्ट किया गया है। https://x.com/swachhbharatgov/status/1847598232559292700?s=48&t=tMn6I6p5eA1QBMH4T4EVLw

पुष्पा माई जयपुर नगर निगम (ग्रेटर) की ब्रांड एंबेसडर के रूप में स्वच्छ भारत मिशन की विभिन्न गतिविधियों का नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने SUP प्रतिबंध, मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी, और सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ जैसे विषयों पर रैली, बैठक और श्रमदान जैसी गतिविधियों का आयोजन कर जन जागरूकता अभियान में सक्रिय सहयोग दिया है। पुष्प माई का नगर निगम (ग्रेटर) के ब्रांड एंबेसडर के रूप में योगदान अत्यंत सराहनीय है।



## Garbage Vulnerable Point (कचरा सवेंदशील बिंदु)

जयपुर ग्रेटर द्वारा जीवीपी पॉइंट्स (कचरा बिन्दुओ) को चित्रकारी द्वारा सौन्दर्यकरण कर परिवर्तितः किया गया है। अब उक्त स्थानीय नागरिकों द्वारा विश्राम हेतु उपयोग किया जा रहा है। नगर निगम की यह पहल सराहनीय है।

पहले की स्थिति



पहले की स्थिति



वर्तमान स्थिति



वर्तमान स्थिति



# निकाय स्तर पर आयोजित IEC गतिविधियां

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत नगर पालिका लक्ष्मणगढ़, सीकर के द्वारा भारतीय शिक्षण संस्थान विद्यालय के सहयोग से एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। नाटक में कचरा प्रबंधन, गीला-सूखा कचरा पृथक्करण, एकल उपयोग प्लास्टिक पर प्रतिबंध, तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में आमजन की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।









छबरा निकाय द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैले के उपयोग के बारे में विक्रेताओं एवं आमजन को सन्देश दिया।



नगर परिषद् डीडवाना द्वारा डीडवाना में स्वच्छ एवं सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त बाजार अभियान के अंतर्गत स्थानीय फल सब्जी बाजार में कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता के प्रति दुकानदारों और आमजन को जानकारी दी गई।

आमेट में नागरिकों की सहभागिता से एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत स्थानीय स्मारकों को साफ-सुथरा बनाया गया।



नागरिकों ने स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए मिलकर काम किया।

सूरतगढ़ नगर पालिका ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियाँ के अंतर्गत सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता स्लोगन और स्वच्छता वॉल पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है। यह कदम आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए उठाया गया है



## निकाय स्तर पर आयोजित गतिविधियां




नगर परिषद किशनगढ़ ने सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सभापति दिनेश सिंह राठौड और आयुक्त सीता वर्मा ने बेस्ट सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह में सफाई मित्रों की भूमिका और योगदान की सराहना की गई।



नगर पालिका अंता द्वारा विद्यार्थियों को "मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी" संदेश देने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में घर पर कम्पोस्टिंग, प्लास्टिक के उपयोग से परहेज और सद्भावना के महत्व पर जानकारी दी गई।

श्रीरामगंजमंडी विद्यालय में "स्वच्छता की पाठशाला" कार्यक्रम आयोजित किया गया ! कार्यक्रम उद्देश्य विद्यार्थियों को घर पर कचरा पृथक्करण ,SUP का बहिष्कार करने के साथ होम कम्पोस्टिंग की जानकारी दी गई !







नगर निगम भीलवाड़ा में एक स्थानीय कार्यक्रम में रेत से कलाकृतियाँ बना कर प्लास्टिक के उपयोग के रोकथाम हेतु संदेश दिया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम में बच्चों और युवा कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



पीलीबंगा नगर पालिका क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के शौचालय का निरीक्षण किया गया और स्वच्छता और कम्पोस्टिंग की जानकारी दी गई साथ ही डस्टबिन वितरण कर बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

भरतपुर नगर निगम द्वारा घर घर कचरा पृथक्करण हेतु विशेष अभियान संचालित कर आमजन को जागरूक किया जा रहा है !



## न्यूज कवरेज

# स्वच्छ नगर मासिक पत्रिका का विमोचन



ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर। स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने बुधवार को निदेशालय के सभागार में स्वच्छ नगर समाचार मासिक न्यूज लेटर का विमोचन किया। इस अवसर पर यादव ने कहा कि इसके माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन शहरी में किए जा रहे प्रयासों को प्रदर्शित किया जाएगा।

---

दैनिक भास्कर — खैरथल/भिवाड़ी भास्कर 24-04-2025

# स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक ने ली अधिकारियों की बैठक, निरीक्षण किया

### सिटी लेवल कमेटी के गठन करने और शहर में सफाई को लेकर दिए निर्देश



---

# हरी धरती के लिए स्वायत्त विभाग मुख्यालय में लगाए पौधे



---

# 5 किमी 'रन फॉर अर्थ' में पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का दिया संदेश



---

दैनिक भास्कर — बारां 05-04-2025

### सीवर व सेप्टिक टैंक वर्कर्स को मिले पीपीई किट



---

पत्रिका

अच्छी पहल

सब्जी मंडी व नया बस स्टैण्ड पर पिंक टॉयलेट बनाना प्रस्तावित

# सम्मान की पहल: बांगड़ चिकित्सालय में बन रहा पिंक टॉयलेट



ये सुविधाएं मिलती है पिंक टॉयलेट में

इनका कहना है

जानें क्यों बनाए जाते हैं पिंक टॉयलेट

---

दैनिक नवज्योति

hadoti - 08 Apr 2025 - Page 6

### सूखे और गीले कचरे के रखे डस्टबिन



---

मदन मोहन आचार्य न्यूज 22.04.2025

# जलते दीप

### राजगढ़ नगर पालिका की स्वच्छता अभियान में गौरवपूर्ण उपलब्धि : राकेश अरोड़ा



---

नवाचारों से रच दिया इतिहास...तमिलनाडु की कुंडुवांचेरी दूसरे व पंजाब की जीरा नगरपालिका ती

# स्वच्छता फीडबैक का परिणाम; 1685 पालिकाओं को पछाड़कर श्रीकरणपुर पालिका देश में नम्बर वन

जहां कचरे के ढेर थे, वहां सेल्फी पॉइंट बनाए




ये खुशखबरी भी पढ़िए...केन्द्र स्तर पर 45 बेस्ट नवाचारों की सूची में श्रीकरणपुर का यातायात पार्क भी हुआ शामिल



पालिका ईओ... संदीप बिश्नोई ने बदली तस्वीर



इन नवाचारों से भी मिला फायदा

स्वच्छ सर्वेक्षण

सफाई कर्मियों को दी गई विशेष सुविधाएं

ऐसे आगे बढ़ता गया श्रीकरणपुर

---

दैनिक सीमा किरण

# सिंगल यूज एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक आइटम को व्यापारी एवं जनता रोके : ईओ राकेश अरोड़ा

सीमा किरण/मदन मोहन आचार्य

